# BK BIRLA CENTRE FOR EDUCATION

**SARALA BIRLA GROUP OF SCHOOLS**
**SENIOR SECONDARY| CO-ED DAY CUM BOYS' RESIDENTIAL SCHOOL**

**MID-TERM EXAMINATION 2023-24**

**HINDI (085)**

Class : X — Duration : 3 Hrs
Date : 11.10.2023 — Max. Marks : **80**
Admission No.: — Roll No.:

**सामान्य निर्देश : -**

1. इस प्रश्न पत्र के दो खंड हैं - क और ख ।
2. खंड क में अपठित बोध, व्याकरण एवं पाठों के वस्तुनिष्ठ प्रश्न पूछे गए हैं ।
3. खंड 'ख' में पाठ्य पुस्तक एवं लेखन कौशल के वर्णनात्मक प्रश्न पूछे गए हैं ।
4. निर्देश के अनुसार सभी 18 प्रश्नों के उत्तर देना अनिवार्य है ।
5. यथा संभव प्रश्नों के उत्तर क्रम से लिखिए ।

## खंड – क (वस्तुनिष्ठ)

**प्रश्न-1 निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर सही उत्तर चुनकर लिखिए- (1x5=5)**

डर अथवा भय ऐसी चीज़ है जिसके लाभ तो अवश्य हैं,पर हानि भी कम नहीं है। यदि मनुष्य के मन में भय न हो तो वह आग में हाथ डालकर अपने को जला लेता। साथ ही वह बुरा से बुरा काम करने में भी नहीं हिचकता। अक्सर हम देखते हैं कि इसी डर के कारण बहुत से लोग ठीक काम भी नहीं कर पाते। उन्हें सदा यही डर लगा रहता है कि कोई उनके काम को बुरा न कह दे। यदि देखा जाए तो हर काम के बारे में हमेशा दो राय रहती है। कुछ लोग उसे ठीक समझते हैं और कुछ गलत। फिर सही और गलत का फ़ैसला कैसे हो? रूढ़ीवादी लोग पुरानी परिपाटी पर चलना उचित समझते हैं लेकिन ऐसा करने से विकास का रास्ता रुक जाता है। कहा भी जाता है कि सपूत अपनी राह स्वयं बनाते हैं। हर मनुष्य यही चाहता है कि वह बिना किसी कठिनाई के सुरक्षित जीवन जिए। जब भूचाल या अन्य कोई प्राकृतिक आपदा आती है तो हम देखते हैं कि कुछ लोग चमत्कारिक रूप से बच जाते हैं। यह बचाने वाली कोई अदृश्य शक्ति है जो हर किसी के साथ कहीं न कहीं विद्यमान है, उसके रहते डरने की जरूरत नहीं है।

(क) डर के कारण बहुत से लोग ठीक काम क्यों नहीं कर पाते?
- (i) उन्हें यह डर रहता है कि कोई उनके काम को बुरा न कह दे।
- (ii) उन्हें पीटे जाने का भय रहता है।
- (iii) अगर डर न हो तो लोग बुरा काम करने से नहीं हिचकेंगे।
- (iv) सोच-विचारकर काम करने से ज्यादा फ़ायदे हैं।

(ख) पुरानी परिपाटी पर चलने से क्या होता है?
- (i) लोग रूढ़ीवादी कहलाते हैं।
- (ii) विकास का रास्ता रुक जाता है।
- (iii) लोग सुरक्षित जीवन जीते हैं।
- (iv) डर नहीं लगता है।

(ग) भूचाल में कोई व्यक्ति किस प्रकार बच जाता है?
- (i) उसे बचने का तरीका आता है।
- (ii) कोई अदृश्य शक्ति उसे बचाती है।
- (iii) भगवान का नाम स्मरण करता रहता है।
- (iv) वह जादू जानता है।

(घ) डर अथवा भय के क्या लाभ हैं?
- (i) वह बुरा काम नहीं करता है।
- (ii) उसे पारितोषिक मिलता है।
- (iii) नए नए अविष्कार करता है।
- (iv) समाज में प्रतिष्ठा पाता है।

(ङ) कौन अपनी राह स्वयं बनाता है?

(i) डरपोक व्यक्ति (ii) साहसी व्यक्ति

(iii) आलसी व्यक्ति (iv) सपूत

**प्रश्न-2 निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर सही उत्तर चुनकर लिखिए- (1x5=5)**

यदि मनुष्य और पशु के बीच कोई अंतर है तो केवल इतना कि मनुष्य के भीतर विवेक है और पशु विवेकहीन है। इसी विवेक के कारण मनुष्य को यह बोध रहता है कि क्या अच्छा है और क्या बुरा। इसी विवेक के कारण मनुष्य यह समझ पाता है कि केवल खाने पीने और सोने में ही जीवन का अथ और इति नहीं। केवल अपना पेट भरने से ही जगत के सभी कार्य संपन्न नहीं हो जाते और यदि मनुष्य का जन्म मिला है तो केवल इसी चीज़ का हिसाब रखने के लिए नहीं कि इस जगत ने उसे क्या दिया है और न ही यह सोचने के लिए कि यदि इस जग ने उसे कुछ नहीं दिया तो वह इस संसार के भले के लिए कार्य क्यों करें। मानवता का बोध कराने वाले इस गुण 'विवेक' की जननी का नाम 'शिक्षा' है। शिक्षा जिसके अनेक रूप समय के परिवर्तन के साथ इस जगत में बदलते रहते हैं, वह जहाँ कहीं भी विद्यमान रही है सदैव अपना कार्य करती रही है। यह शिक्षा ही है जिसकी धुरी पर यह संसार चलायमान है। विवेक से लेकर विज्ञान और ज्ञान की जन्म दात्री शिक्षा ही तो है। शिक्षा हमारे भीतर विद्यमान वह तत्व है जिसके बल पर हम बात करते हैं, कार्य करते हैं, अपने मित्रों और शत्रुओं की सूची तैयार करते हैं, उलझनों को सुलझनों में बदलते हैं। असल में सीखने और सिखाने की प्रक्रिया को ही शिक्षा कहते हैं। शिक्षा उन तथ्यों का तथा उन तरीकों का ज्ञान कराती है जिन्हें हमारे पूर्वजों ने खोजा था-सभ्य तथा सुखी जीवन बिताने के लिए और आज यदि हम सुखी जीवन बिताना चाहते हैं, तो हमें उन तरीकों को सीखना होगा, उन तथ्यों को जानना होगा जिन्हें जानने के लिए हमारे पूर्वजों ने निरंतर सदियों तक शोध किया है। जो केवल शिक्षा द्वारा ही संभव है।

(क) मनुष्य और पशु के बीच अंतर है:

(i) मनुष्य समाज में रहता है, पशु जंगल में।

(ii) मनुष्य के भीतर विवेक हैं, पशु विवेकहीन है।

(iii) मनुष्य खाने-पीने और सोने को जीवन नहीं मानता।

(iv) मनुष्य हिसाब-किताब रख सकता है, पशु नहीं।

(ख) शिक्षा को जननी माना गया है :

(i) संसार की (ii) विवेक की

(iii) तथ्यों की (iv) सुखी जीवन की

(ग) शिक्षा कहते हैं:

(i) सीखने सिखाने की प्रक्रिया को। (ii) सभ्य तथा सुखी जीवन बिताने के तरीके को।

(iii)उलझनों को सुलझनों में बदलने को। (iv) मित्रों और शत्रुओं की सूची तैयार करने को।

(घ) शिक्षा द्वारा खोज की जा सकती है:

(i) हमारे पूर्वजों के शोध कार्यों की (ii) सीखने के तरीकों की

(iii) हमारे भीतर विद्यमान तत्व की (iv) सुखी जीवन के तरीकों व तथ्यों की

(ङ)इस गद्यांश का उचित शीर्षक होगा:

(i) विवेक (ii) मानवता

(iii) शिक्षा (iv) सभ्य तथा सुखी जीवन

**प्रश्न-3 निम्नलिखित पाँच भागों में से <u>किन्हीं 4</u> प्रश्नों के सही उत्तर वाले विकल्प चुनिए-** **4**

(क) तेज़ हवा चलने के कारण मोहन ने खिड़की और दरवाजे को <u>बंद कर दिया</u>। रेखांकित पदबंध का भेद लिखिए।

(i) संज्ञा पदबंध (ii) सर्वनाम पदबंध
(iii) क्रिया विशेषण पदबंध (iv) क्रिया पदबंध

(ख) बच्चे <u>तेज़ दौड़ते दौड़ते</u> थक गए। रेखांकित पदबंध का प्रकार लिखिए।

(i) विशेषण पदबंध (ii) क्रिया पदबंध
(iii) संज्ञा पदबंध (iv) क्रिया विशेषण पदबंध

(ग) इधर-उधर घूमने वाले तुम कोई काम क्यों नहीं करते? सर्वनाम पदबंध चुनिए ।

(i) इधर-उधर घूमने (ii) तुम कोई काम
(iii) कोई काम क्यों नहीं करते (iv) इधर-उधर घूमने वाले तुम

(घ) मेरी छोटी बहन गीता कक्षा में प्रथम आई है। संज्ञा पदबंध चुनिए।

(i) प्रथम आई है (ii) मेरी छोटी बहन
(iii) छोटी बहन गीता (iv) मेरी छोटी बहन गीता

(ङ) यह लड़की <u>अत्यंत सुशील और परिश्रमी</u> है। वाक्य में रेखांकित पदबंध है

(i) संज्ञा पदबंध (ii) विशेषण पदबंध
(iii) क्रिया पदबंध (iv) क्रिया विशेषण पदबंध

**प्रश्न-4 निम्नलिखित पाँच भागों में से <u>किन्हीं 4</u> प्रश्नों के सही उत्तर वाले विकल्प चुनिए-** **4**

(क) गिलास नीचे गिरा और टूट गया। वाक्य का प्रकार चुनिए।

(i) संयुक्त वाक्य (ii) मिश्र वाक्य
(iii) सरल वाक्य (iv) प्रधान वाक्य

(ख) अंतिम छोर तक पहुँचते ही द्वीप दो टुकड़ों में विभक्त हो चुका था। वाक्य का प्रकार चुनिए ।

(i) संयुक्त वाक्य (ii) मिश्र वाक्य
(iii) सरल वाक्य (iv) आश्रित उपवाक्य

(ग) मिश्रित वाक्य का उदाहरण चुनिए।

(i) शाम हुई और वह चली गई।
(ii) जिसका मुझे भय था,वही हुआ।
(iii) मेरा एक दोस्त आपके पिताजी को जानता है।
(iv) आकाश में बादल छाते ही घनघोर वर्षा होने लगी।

(घ) भारतीय सैनिक ऐसे हैं कि कोई उनकी बराबरी नहीं कर सकता। उचित सरल वाक्य होगा-

(i) भारतीय सैनिक ऐसे हैं और कोई उनकी बराबरी नहीं कर सकता।
(ii) जो भारतीय सैनिक है उनकी कोई बराबरी नहीं कर सकता।
(iii) भारतीय सैनिकों की कोई बराबरी नहीं कर सकता।
(iv) ऐसे हैं भारतीय सैनिक की कोई उनकी बराबरी नहीं कर सकता।

(ङ) वह पुस्तक बहुत अच्छी है। तुम उसकी प्रशंसा कर रहे थे। संयुक्त वाक्य होगा-

(i) वह पुस्तक बहुत अच्छी है, तुम उसकी प्रशंसा कर रहे थे।
(ii) वह पुस्तक अच्छी है इसलिए तुम उसकी प्रशंसा कर रहे थे।
(iii) वह पुस्तक अच्छी है, जिसकी तुम प्रशंसा कर रहे थे।
(iv) इनमें से कोई नहीं।

**प्रश्न-5 निम्नलिखित पाँच भागों में से <u>किन्हीं 4</u> प्रश्नों के सही उत्तर वाले विकल्प चुनिए- 4**

(क) 'यथाशक्ति' समास का उदाहरण है-

(i) तत्पुरुष का (ii) कर्मधारय का

(iii) अव्ययीभाव समास का (iv) द्विगु का

(ख) 'क्रोध रूपी अग्नि' का समस्त पद होगा -

(i) क्रोधाग्नि (ii) क्रोधअग्नि

(iii) क्रोधग्नि (iv) क्रोधाअग्नि

(ग) 'अकालपीड़ित' समस्त पद का उचित विग्रह होगा -

(i) अकाल का पीड़ित- तत्पुरुष समास (ii) अकाल के लिए पीड़ित- कर्मधारय समास

(iii) अकाल से पीड़ित- तत्पुरुष समास (iv) अकाल की पीड़ित- अव्ययीभाव समास

(घ) 'शताब्दी' का सही समास विग्रह तथा प्रकार है-

(i)सौ है जो अब्द- कर्मधारय समास (ii) सौ अब्दों(वर्षों) का समूह- द्विगु समास

(iii) सौ अब्द हैं जिसमें बहुव्रीहि समास (iv) सौ और अब्द- द्वंद समास

(ङ) निम्नलिखित में से बहुव्रीहि समास का उदाहरण चुनकर लिखिए-

(i) खट्टा-मीठा (ii) त्रिकोण

(iii) जन्मसिद्ध (iv) दशानन

**प्रश्न-6 निम्नलिखित पाँच भागों में से <u>किन्हीं 4</u> प्रश्नों के सही उत्तर वाले विकल्प चुनिए- 4**

(क) गणित का सवाल हल करना मेरे लिए - - - - है। उपयुक्त मुहावरे से रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए।

(i) गागर में सागर भरना (ii) आसमान सिर पर उठाना

(iii) बाएँ हाथ का खेल (iv) आँख दिखाना

(ख)रावण के अंत समय में कोई —---भी नहीं मिला उपयुक्त मुहावरे से रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए -

(i)घाव भरने वाला (ii)सहारा देने वाला

(iii)चुल्लू भर पानी देने वाला (iv)दुआ माँगने वाला

(ग)कारगिल युद्ध में भारतीय सैनिकों ने दुश्मनों के <u>दाँत खट्टे कर दिए</u> रेखांकित मुहावरे का अर्थ है -

(i)रंग दिखाना (ii)हरा देना

(iii)टोपी उछालना (iv)छाती पीटना

(घ) 'राग अलापना' मुहावरे का सही अर्थ कौन- सा है?

(i) हार मानना (ii) क्रोधित होना

(iii) एक ही बात बार-बार कहना (iv) शामिल होना

(ङ) बड़े भाई साहब की रचनाओं को समझना मेरे लिए—-----थी। उपयुक्त मुहावरे से रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए।

(i) लोहे के चने चबाना (ii) अंधे के हाथ बटेर लगना

(iii) आटे दाल का भाव मालूम होना (iv) छोटा मुँह बड़ी बात

**प्रश्न-7 निम्नलिखित पठित काव्यांश के आधार पर पूछे गए प्रश्नों के उचित विकल्प चुनकर लिखिए। 5**

पोथी पढ़ि-पढ़ि जग मुवा, पंडित भया न कोई ।
एकै अषिर पीव का, पढ़ै सु पंडित होइ।।

(क) पोथी पढ़ने में क्या व्यंग्य है?

(i) रटना (ii) बिना समझे पढ़ना।

(iii) बिना सोचे याद करना। (iv) केवल पुस्तकीय ज्ञान प्राप्त करना।

(ख) कवि के अनुसार सच्चा /वास्तविक पंडित कौन है?

(i) पोथियाँ पढ़ने वाला (ii)पढ़-पढ़ कर मर जाने वाला

(iii)प्रेम का महत्व जानने वाला (iv)एक ही अक्षर पढ़ने वाला

(ग) दोहे का मुख्य भाव क्या है?

(i) ढेरों किताबें नहीं पढ़नी चाहिए। (ii) प्रेम सबसे बड़ा धर्म है।

(iii)संसार में मूर्ख भरे पड़े हैं। (iv)ईश्वर भक्ति करना चाहिए।

(घ) पंडित कैसे बन सकते हैं?

(i) ब्राह्मण के घर जन्म लेकर (ii) पोथियाँ पढ़कर

(iii) रोज़ पूजा अर्चना कर (iv) ईश्वर नाम रूपी सच्चा ज्ञान प्राप्त करके

(ङ) कबीर ने किसे व्यर्थ माना है?

(i) शास्त्रों के मर्म को (ii) ईश्वर की भक्ति को

(iii) कोरे शास्त्रीय ज्ञान को (iv) पोथी पढ़ने वाले को

**प्रश्न-8 निम्नलिखित पठित काव्यांश के आधार पर पूछे गए प्रश्नों के उचित विकल्प चुनकर लिखिए। 2**

(क)'अवलोक रहा है बार-बार, नीचे जल में निज महाकार' से क्या तात्पर्य है?

(i) कवि नीचे जल में बार-बार देख रहा था।

(ii) परमात्मा नीचे जल में बार-बार देख रहा था।

(iii) पर्वत नीचे फैले जल में अपना विशाल आकार निहार रहा था।

(iv) उपरोक्त सभी ।

(ख) 'सुमरण पास्यूँ खरची' से क्या तात्पर्य है?

(i) जेब खर्च के लिए बहुत रुपए मिलेंगे।

(ii) याद करने से पैसे प्राप्त हो जाएँगे।

(iii) खर्च के रूप में प्रभु स्मरण का उपहार पाऊँगी।

(iv) स्मरण करने में पैसे खर्च नहीं होंगे।

**प्रश्न-9 निम्नलिखित पठित गद्यांश के आधार पर पूछे गए प्रश्नों के उचित विकल्प चुनकर लिखिए। 5**

स्कूल का समय निकट था, नहीं ईश्वर जाने यह उपदेश माला कब समाप्त होती। भोजन आज मुझे निःस्वाद-सा लग रहा था। जब पास होने पर यह तिरस्कार हो रहा है, तो फ़ेल होने पर तो शायद प्राण ही ले लिए जाएँ। भाई साहब ने अपने दर्जे की पढ़ाई का जो भयंकर चित्र खींचा था,उसने मुझे भयभीत कर दिया। स्कूल छोड़कर घर नहीं भागा, यही ताज्जुब है, लेकिन इतने तिरस्कार पर भी पुस्तकों में अरुचि ज्यों की त्यों बनी रही।

(क) उपदेश माला समाप्त होने का कारण क्या था?

(i)स्कूल जाने का समय होने लगा (ii)छोटा भाई रोने लगा

(iii)छोटा भाई खाना खाने लगा (iv)बड़े भाई साहब बाहर जाने लगे

(ख) भोजन किसे निःस्वाद लग रहा था और क्यों ?

(i) बड़े भाई साहब को क्योंकि भोजन में नमक अधिक था।

(ii) छोटे भाई को क्योंकि भोजन उसकी पसंद का नहीं था।

(iii)लेखक को क्योंकि उसे बड़े भाई साहब से डाँट पड़ रही थी।

(iv)भोजन दोनों भाइयों की रूचि का नहीं था।

(ग) लेखक को स्कूल छोड़कर घर भागने की इच्छा क्यों हुई ?

(i) उसे पढ़ाई मुश्किल लग रही थी।

(ii) उसे खेलने का समय नहीं मिल रहा था।

(iii) वह पढ़ना ही नहीं चाहता था ।

(iv) बड़े भाई साहब ने पढ़ाई का जो भयंकर चित्र उसके सामने खींचा,उससे वह घबरा गया ।

(घ) लेखक मन में क्या सोच रहा था ?

(i) पढ़ाई-लिखाई छोड़ कर भाग जाऊँ।

(ii) बड़े भाई को सामने से खरी-खोटी सुना दूँ।

(iii) पास होने पर इतना तिरस्कार हो रहा है फेल हो जाने पर तो प्राण ही ले लिए जाते।

(iv) भाई साहब जाए तो मैं खेलने के लिए जाऊँ।

(ङ) लेखक को किस बात का ताज्जुब हुआ?

(i) वह बड़े भाई को कुछ भी बोल नहीं पाया।

(ii)इतनी डाँट खाकर भी वह स्कूल छोड़कर घर नहीं भागा।

(iii)भाई साहब के फेल हो जाने पर भी वह मौन रहा ।

(iv)उसने बड़े भाई की शिकायत घर में नहीं की।

**प्रश्न-10 निम्नलिखित पठित गद्यांश के आधार पर पूछे गए प्रश्नों के उचित विकल्प चुनकर लिखिए। 2**

(क) क्रोध का शमन करने के लिए तताँरा ने क्या किया?

(i) अपनी तलवार से उसने लोगों को मारना शुरू कर दिया।

(ii) उसने तलवार में शक्ति भर उसे धरती में घोंप दिया और खींचने लगा।

(iii) उसने लोगों पर चिल्लाना शुरू कर दिया।

(iv)वह वामीरो को साथ लेकर वहाँ से चला गया।

(ख) 'डायरी का एक पन्ना' पाठ में कौन-सा दिन स्वतंत्रता दिवस की पुनरावृत्ति कहा गया है ?

(i)26 जनवरी सन् 1931 का (ii)26 जनवरी सन् 1930 का

(iii)26 जनवरी सन् 1929 का (iv) 15 अगस्त सन् 1947 का

**खंड – ख (वर्णनात्मक)**

**प्रश्न-11 निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं <u>दो प्रश्नों</u> के उत्तर लगभग 60 शब्दों में लिखिए- 3x2=6**

(क) पर्वत प्रदेश में पावस कविता के आधार पर बताइए कि' है टूट पड़ा भू पर अंबर का' क्या आशय है ?

(ख) 'मीरा के पद' के आधार पर बताइए कि मीराबाई ने कृष्ण के रूप सौंदर्य का वर्णन कैसे किया है?

(ग) साबुन पानी के उपयोग के बिना निर्मलता कैसे आती है ? कबीर के दोहे के आधार पर बताइए।

**प्रश्न-12 निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं <u>दो प्रश्नों</u> के उत्तर लगभग 60 शब्दों में लिखिए- 3x2=6**

(क)लेखक के मन में बड़े भाई साहब के प्रति श्रद्धा के भाव कब उत्पन्न हुए ?

(ख)कोलकाता में द्वितीय स्वतंत्रता दिवस किस प्रकार मनाया गया? 'डायरी का एक पन्ना'पाठ के आधार पर लिखिए।

(ग) कहानी के अंत में तताँरा का क्या हुआ ?तताँरा का वियोग वामीरो किस तरह सहन कर रही थी?

**प्रश्न-13 निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं <u>दो प्रश्नों</u> के उत्तर लगभग 60 शब्दों में लिखिए। 3x2=6**

(क)हरिहर काका के मामले में गाँववालों की क्या प्रतिक्रिया थी?

(ख) गर्मियों की छुट्टियों को लेखक और उनके साथी किस प्रकार बिताया करते थे ?

(ग) हरिहर काका पाठ में जिस यथार्थ को उजागर किया गया है उससे आपको क्या सीख मिलती है?

**प्रश्न-14 निम्नलिखित में से किसी <u>एक</u> विषय पर दिए गए संकेत बिंदुओं के आधार पर लगभग 100 शब्दों में अनुच्छेद लिखिए। 5**

(क) वृक्षारोपण : एक सामाजिक दायित्व है

*वृक्षारोपण का अर्थ महत्त्व *वृक्षविहीन धरती का रूप *दुष्परिणाम

(ख) प्लास्टिक की दुनिया

* कृत्रिम पदार्थों में से एक *गुण *दोष

(ग) पुस्तकालय के शिष्टाचार

*मौन और शांति *पुस्तकों से छेड़छाड़ नहीं *अधिक लाभ कैसे

**प्रश्न-15** विज्ञान प्रयोगशाला में आपसे एक जार टूट गया था, जिसके कारण अध्यापक ने आप पर □500 जुर्माना लगा दिया है । ज़ुर्माना माफ कराने के लिए अपने विद्यालय के प्रधानाचार्य को लगभग 100 शब्दों में आवेदन पत्र लिखिए । **5**

**अथवा**

बस में आपके साथ कंडक्टर ने अभद्र व्यवहार किया था। कंडक्टर के व्यवहार की शिकायत करते हुए परिवहन के महाप्रबंधक के नाम लगभग 100 शब्दों में एक पत्र लिखिए।

**प्रश्न-16** आप खेल परिषद, ग्रीन फील्ड स्कूल, ग्रीन पार्क के सचिव है। आपके विद्यालय में अंतर्विद्यालय बैडमिंटन का आयोजन किया गया है। सभी छात्रों को मैच देखने के लिए आमंत्रित करने के उद्देश्य से लगभग 80 शब्दों में सूचना तैयार कीजिए। **4**

**अथवा**

आप रॉयल स्कूल दिल्ली के छात्र साहित्यिक परिषद के सचिव महेंद्र है। दसवीं कक्षा के छात्रों के लिए वाद विवाद के आयोजन के लिए 80 शब्दों में सूचना तैयार कीजिए।

**प्रश्न-17** बच्चों की नई पत्रिका चुनमुन के लिए लगभग 60 शब्दों में विज्ञापन तैयार कीजिए । **3**

**अथवा**

भारत सरकार की ओर से जल संरक्षण की जागरूकता हेतु एक विज्ञापन लगभग 60 शब्दों में तैयार कीजिए।

**प्रश्न-18** दिए गए संकेत के आधार पर निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर लगभग 100 शब्दों में लघु कथा लिखिए। **5**

मैं और मेरा भाई ही घर पर थे । माता-पिता किसी जरूरी काम से एक दिन के लिए बाहर गए हुए थे अचानक तेज बारिश होने लगी —---

**अथवा**

विद्यालय में तरणताल बनवाने के लिए प्रधानाचार्य को लगभग 100 शब्दों में ई मेल लिखिए।

-----------------------------------------समाप्त-----------------------------------------

(परीक्षा परिणाम की शुभकामनाएँ)